**TAGORE INTERNATIONAL SCHOOL**
**VASANT VIHAR, NEW DELHI-57**

**CIRCULAR FOR CLASSES IV TO IX**

**TIS/ VV/ 2025-26/042** **May 2025**

प्रिय अभिभावकगण

नए सत्र की शुरुआत के साथ हम फिर से यह संकल्प लेते हैं कि हम अपने विद्यार्थियों में बेहतर भाषा कौशल को बढ़ावा दें। विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति आत्मविश्वास और ज्ञान बढ़ाने के लिए हमारे विद्यालय में ISB संस्था द्वारा राष्ट्रीय स्तर की हिंदी वर्तनी प्रतियोगिता 2025-26 आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में छात्र अपनी इच्छानुसार भाग ले सकते हैं | प्रतियोगिता का विवरण इस प्रकार है:

1-कक्षा IV-IX के छात्र इसमें भाग ले सकते हैं |

2-रजिस्ट्रेशन शुक्ल रु० 165/- है |

3- इस शुल्क में शामिल हैं:

क-हिंदी स्पेलिंग बी गाइडबुक की सॉफ्ट कॉपी (शब्द सूची)
ख-विद्यालय स्तर की परीक्षा,
ग-सभी भाग लेने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र
घ-दो ऑन लाइन मॉक टेस्ट
ड-साप्ताहिक अभ्यास टेस्ट -किसी भी अतिरिक्त शुल्क के बिना।

राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा के लिए कोई अलग फीस नहीं ली जाएगी (अगर छात्र को चुना जाता है)। हर भाग लेने वाले छात्र को प्रमाण पत्र मिलेगा। विद्यालय स्तर पर जीतने वाले छात्रों को मेडल और राष्ट्रीय स्तर पर जीतने वालों को टैब (इनाम) दिया जाएगा।
छात्रों को ऑनलाइन परीक्षा देने का अभ्यास हो सके, इसके लिए दो मॉक टेस्ट (प्रैक्टिस टेस्ट) कराए जाएँगे। परीक्षा 20 मिनट की होगी, और इसमें गलत उत्तर पर कोई नंबर नहीं कटेगा (नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी)।
मॉक टेस्ट एवं परीक्षा की तिथियाँ इस प्रकार हैं:

- मॉक टेस्ट 1 : रविवार, 10 अगस्त 2025
- मॉक टेस्ट 2 : रविवार, 31 अगस्त 2025
- विद्यालय स्तर की पहली परीक्षा : रविवार, 14 दिसंबर 2025
- रजिस्ट्रेशन लिंक : https://zfrmz.in/fcuAvzv9kYTKL4mT6T3o

जो विद्यार्थी इसमें भाग लेना चाहते हैं वे अपना रजिस्ट्रेशन गुरुवार, 31 जुलाई 2025 से पहले अवश्य कर लें। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद।

ज्योतिका जाखड़
प्रधानाचार्या